Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 6:07 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:01 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 89 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 23 सितम्बर 2024

बस 75 दिनों का और...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### महिला पर लगाया सोने के जेवरात हड़पने का आरोप

**हल्द्वानी।** एक महिला पर सोने के जेवरात हड़पने का आरोप लगाते हुए महिला ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को सौंपी तहरीर में सीआरपीएफ कैंप काठगोदाम निवासी रिंकी पत्नी स्व. चन्दन लाल ने कहा है कि उसने रजनी मेहता पत्नी विनोद मेहता को अपने सोने के गहने दिए थे। इसे रजनी मेहता ने उससे गोल्ड बैंक में रखवाया था और गोल्ड इंवेस्टमेंट के लिए बोलकर उसने मुझे विश्वास दिलाया। साथ ही महीने के लिए गोल्ड बैंक में रखवा कर ब्याज सहित गोल्ड मिलने का आशवासन दिया। आरोप है कि इसके बाद उसे जेवरात वापस नहीं किए गए। रिंकी का कहना है कि उसने बीते नौ महीने से परेशान किया जा रहा है। न तो उसे सोना दिया जा रहा है और न ही किसी प्रकार की धनराशि ही अब तक दी गई। सोना वापस देने का दबाव बनाने पर रजनी अपने पति विनोद मेहता के साथ उसे जान से मारने की धमकी दे रही है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### प्राथमिक शिक्षकों का पुरानी पेंशन बहाली तक संघर्ष जारी रहेगा

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन जनपद नैनीताल जब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं हो जाती तब तक संगठन का एक-एक सदस्य पुरानी पेंशन बहाली की लड़ाई जारी रखेगा। पुरानी पेंशन बहाली के अतिरिक्त संगठन किसी भी समझौते को मंजूर नहीं करेगा। यह बात संगठन के जिलाध्यक्ष नंदराम, मंत्री डिकर सिंह पडियार व कोषाध्यक्ष मदनमोहन सिंह बिष्ट ने प्रेस को बयान जारी कर कही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की है कि शीघ्र ही यूपीएस की जगह पुरानी पेंशन बहाल की जाए ताकि कर्मचारियों व शिक्षकों को राहत मिले। उन्होंने चेताया कि मांग पूरी न होने पर संगठन आंदोलन को बाध्य होगा।

## दो दिन सताएगी गर्मी, एक बार फिर बदलेगा प्रदेश में मौसम का मिजाज

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

मानसून की आधिकारिक विदाई से पहले एक बार फिर उत्तराखंड में मौसम बदलेगा। इससे पहाड़ से लेकर मैदान तक के तापमान पर असर देखने को मिलेगा। इससे पहले दो दिन चटक धूप खिलने से गर्मी खूब परेशान करेगी। खासकर मैदानी इलाकों में उमसभरी गर्मी से लोगों को समस्या का सामना करना पड़ सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 24 सितंबर तक यानी आज और कल प्रदेशभर के सभी जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। इसके बाद 25-26 सितंबर को हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिले को छोड़कर अन्य सभी जिलों के कुछ हिस्सों में तेज गर्जन के साथ बारिश होने होने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है सितंबर में सामान्य तापमान दो से तीन डिग्री का इजाफा देखने को मिलता है, लेकिन उमसभरी गर्मी का मुख्य कारण मौसम के पैटर्न में हुआ बदलाव है हालांकि, 25-26 सितंबर को होने वाली बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। खासकर पर्वतीय जिलों के तापमान पर असर पड़ेगा। वहीं, रविवार को भी चटक धूप खिलने की वजह से गर्मी ने जमकर परेशान किया। ऐसा ही हाल पंतनगर, मुक्तेश्वर और नई टिहरी का रहा। यहां भी दिन के साथ रात के सामान्य तापमान में भी बढ़ोतरी देखने को मिली।



### बुधवार से लगातार तीन दिन बारिश के आसार

राजधानी दिल्ली में रविवार को लोग दिनभर उमस भरी गर्मी से परेशान दिखे। सुबह से ही धूप ने लोगों को पसीना-पसीना किया। इससे अधिकतम तापमान सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। साथ ही, न्यूनतम तापमान में भी वृद्धि के साथ एक डिग्री अधिक रिकॉर्ड किया गया। सोमवार से दो दिन तक गर्मी से कोई राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग का अनुमान है कि बुधवार से लगातार तीन दिन बारिश का दौर चल सकता है। इसके बाद गर्मी से राहत मिलने की संभावना है।

बोलीं- आपकी जगह खाली है, इंतजार रहेगा

## आतिशी ने संभाला सीएम पद नहीं बैठीं केजरीवाल की कुर्सी पर

**नई दिल्ली**
एजेंसी

दिल्ली की नई सीएम आतिशी ने सोमवार से मुख्यमंत्री पद का कार्यभार संभाला। सीएम आतिशी ने कहा, आज मेरे मन में भी वही व्यथा है, जैसे भगवान राम जी के वनवास जाने पर भरत जी के मन में थी। उन्होंने भगवान राम की खड़ाऊं रखकर शासन चलाया था।

दिल्ली की नई सीएम आतिशी ने सोमवार से मुख्यमंत्री पद का कार्यभार संभाला। इस दौरान उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल के लिए कुर्सी खाली है और उनका इंतजार रहेगा। सीएम आतिशी ने कहा, %आज मेरे मन में भी वही व्यथा है, जैसे भगवान राम जी के वनवास जाने पर भरत जी के मन में थी। उन्होंने भगवान राम की खड़ाऊं रखकर शासन चलाया था। भगवान राम हम सभी के आदर्श हैं और केजरीवाल जी ने उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए दिल्लीवालों की सेवा की और मर्यादा का पालन करते हुए सीएम पद से इस्तीफा दे दिया। मुझे विश्वास है कि अब दिल्लीवाले केजरीवाल जी को विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से विजयी बनाकर फिर से सीएम बनायेंगे। तब तक यह मुख्यमंत्री की कुर्सी केजरीवाल जी का इंतज़ार करेगी। विधानसभा चुनावों से बमुश्किल पांच महीने पहले आतिशी दिल्ली की तीसरी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं। आतिशी के बाद उनकी मंत्रिपरिषद में सबसे पहले सौरभ भारद्वाज ने शपथ ली, उसके बाद गोपाल राय, कैलाश गहलोत, इमरान हुसैन और दिल्ली कैबिनेट में नए सदस्य मुकेश अहलावत ने पद गोपनीयता की शपथ ली।

शपथ ग्रहण समारोह के बाद आतिशी ने समारोह में मौजूद केजरीवाल का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। वहीं, राज निवास पहुंचने से पहले भी वह सिविल लाइंस स्थित पूर्व सीएम के आवास पर अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ पहुंचीं। वहां से पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ वह शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचीं।



## मुख्यमंत्री धामी पहुंचे नानकमत्ता साहिब, मात्था टेका और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब पहुंचकर मत्था टेका व प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि के लिए कामना की।

इसके उपरांत मुख्यमंत्री डेरा कार सेवा पहुँचे। जहाँ उन्होंने दिवंगत बाबा तरसेम सिंह के चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर अध्यक्ष गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी जोगिंदर सिंह, निदेशक गुरवंत सिंह, प्रकाश सिंह, गुरदयाल सिंह, उपाध्यक्ष किसान आयोग राजपाल सिंह, दर्जा राज्यमंत्री अनिल कपूर डब्बू, जिलाध्यक्ष भाजपा कमल जिंदल, पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, जिलाधिकारी उदय राज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, एडीएम पंकज उपाध्याय, एसपी सिटी मनोज कत्याल, एसडीएम रविंद्र जुआठा, जत्थेदार बाबा रविंद्र सिंह, बाबा श्याम सिंह, बाबा दारा सिंह, दिलबाग सिंह, गाँधी सिंह, जगजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

सीएम धामी ने नगला... पेज 3 पर



## शिक्षकों को छोड़ने स्कूल जा रहा वाहन मणि के पास दुर्घटनाग्रस्त, कई घायल, एक गंभीर

**उत्तरकाशी /देहरादून**
हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी में स्कूल जा रहे शिक्षकों का वाहन हादसे का शिकार हो गया। वाहन में 10 से 12 शिक्षक सवार थे। उत्तरकाशी में शिक्षकों को लेकर जा रहा एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। बताया जा रहा है कि वाहन में लगभग 10-12 शिक्षक सवार थे।

वाहन चिन्यालीसौड से गढ़वाल गाड़ जा रहा था। जोकि नागथली छोटी मणि के पास गढ़वाल गाड़ सड़क पर पलट गया। हादसे में सभी शिक्षकों के घायल होने की सूचना है।उत्तरकाशी में शिक्षकों को लेकर जा रहा एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। बताया जा रहा है कि वाहन में लगभग 10-12 शिक्षक सवार थे। वाहन चिन्यालीसौड से गढ़वाल गाड़ जा रहा था। जोकि नागथली छोटी मणि के पास गढ़वाल गाड़ सड़क पर पलट गया। हादसे में सभी शिक्षकों के घायल होने की सूचना है। सोमवार सुबह तहसील चिन्यालीसौड़ के अंतर्गत बड़ी मणि जोगत मोटर मार्ग पर वाहन गिरने की सूचना पर राजस्व टीम, थाना चिन्यालीसौड़ से पुलिस टीम, 108 एम्बुलेंस, एसडीआरएफ रवाना हुई पता चला कि ग्राम छोटी मणी नैल के पास चालक देवेंद्र सिंह चौहान स्कूल टीचरों को लेकर जा रहा था। तभी अचानक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें एक व्यक्ति की हालत गंभीर बताई जा रही है। अन्य लोग सामान्य बताए जा रहे हैं।

## श्रम कानूनों के विरोध में मजदूरों ने मनाया काला दिवस

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

मजदूर विरोधी श्रम संहिताओं को निरस्त करने, सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण समाप्त करने, रोजगार में ठेकाकरण प्रथा समाप्त करने, भर्ती पर प्रतिबंध की नीति को रद्द करने जैसी मांगों को लेकर केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर काला दिवस मनाया गया। इसके तहत एक्टू ट्रेड यूनियन महासंघ से जुड़ी विभिन्न यूनियनों और भाकपा माले ने बुद्ध पार्क में धरना दिया।

विभिन्न यूनियनों से जुड़े लोग सोमवार को तिकोनिया बुद्ध पार्क में एकत्र हुए और प्रदर्शन कर धरना दिया। इस दौरान हुई सभा को संबोधित करते हुए एक्टू के प्रदेश महामंत्री केके बोरा ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा थोपी गई चारों श्रम संहिताओं का उद्देश्य श्रमिकों पर फिर से कम्पनियों की गुलामी की स्थितियों को संस्थागत बनाना है ताकि कामकाजी लोगों के लिए परिभाषित कार्य स्थितियों, न्यूनतम वेतन, कार्य के घंटे और सामाजिक सुरक्षा के साथ-साथ संगठित होने के अधिकार, सामूहिक सौदेबाजी के अधिकार और हड़ताल करने के अधिकार के लगभग सभी वैधानिक अधिकारों को समाप्त किया जा सके। भाकपा माले के जिला सचिव कैलाश पाण्डेय ने कहा कि मोदी सरकार बड़े पूंजीपति कॉरपोरेट घरानों के सामने नतमस्तक है, इसीलिए ये नए लेबर कोड लाए गए हैं। जिससे न्यूनतम वेतन, सामाजिक सुरक्षा, प्रमोशन, स्थायीकरण को पूरी तरह खत्म करके मजदूर शोषण का रास्ता आसान किया जा सके। उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष कमला कुंजवाल ने कहा कि पहले से ही सरकार की नीतियों के चलते बंधुवा मजदूरों की श्रेणी में धकेल दी गई आशा वर्कर्स को इन लेबर कोड के लागू होने के बाद और भी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।

मजदूरों के समर्थन में पहुंचे वरिष्ठ किसान नेता और अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह जंगी ने कहा कि बड़े पूंजीपतियों के पक्ष में खड़ी मोदी सरकार के खिलाफ मजदूर किसानों की एकता ही इस देश को नया रास्ता दिखाएगी। इस दौरान सनसेरा श्रमिक संगठन के ललित जोशी, सोनू कुमार सिंह, चन्द्र सिंह, दीवान सिंह, माले नेता प्रकाश फुलोरिया, आशा यूनियन की हल्द्वानी नगर अध्यक्ष रिंकी जोशी, अफसर अली, रियासत अली जसवंत राम आर्य, हरीश सिंह आदि मौजूद थे।



# दो दिवसीय पांचवीं राज्य ओलंपिक का शुभारंभ

नैनीताल
हमारे संवाददाता

जिला मुख्यालय नैनीताल की जीवनदायिनी नैनी झील में रविवार से दो दिवसीय पांचवीं राज्य ओलंपिक का शुभारंभ हुआ। इस विशेष मौके पर ओलंपिक एसोसिएशन के पूर्व महासचिव राजीव मेहता और नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्या, भारतीय कयाकिंग केनोइंग एसोसिएशन निदेशक डा. सुमन कुलश्रेष्ठ तथा प्रवीण शर्मा ने संयुक्त रूप से राज्य ओलंपिक के तहत आयोजित कयाकिंग/ कैनोइंग/ रोईंग तथा याचिंग प्रतियोगिता का फ्लैग ऑफ कर शुभारंभ किया। बता दें कि प्रतियोगिता में उत्तराखंड के नैनीताल, हरिद्वार, टिहरी, देहरादून, पौड़ी, रुद्रप्रयाग, ऊधमसिंह नगर सहित कुल नौ जिलों के 100 से अधिक खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।





पुरुष वर्ग के 1 वर्ग में टिहरी के प्रभात कुमार प्रथम जबकि नैनीताल के जितेंद्र सिंह द्वितीय तथा हरिद्वार के विशाल गोस्वामी तृतीय स्थान पर रहे। जबकि के-2 वर्ग में टिहरी के प्रभात और रोपित प्रथम, नैनीताल के हनुमंत सुनील, राम भरोसे डांगी द्वितीय, हरिद्वार के अनु कुमार और आर्य कुमार तृतीय स्थान पर रहे। सी-1 वर्ग में टिहरी के जॉनसन प्रथम, नैनीताल के सुदर्शन बिश्नोई द्वितीय जबकि पौड़ी गढ़वाल से अंकुर चौधरी तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के सी-2 वर्ग में टिहरी के सागर नागर और आनंद प्रथमए नेपाल के गुरबख्श और परिमांडू द्वितीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग के-1 के टिहरी की सोनिया देवी प्रथम, नैनीताल की स्वामी द्वितीय जबकि उधम सिंह नगर की फ तिमा तृतीय स्थान पर रही जबकि के-2 वर्ग में टिहरी की सोनिया और असले एमके प्रथम जबकि रोजी और स्वाती साहू द्वितीय स्थान पर रही। इसी तरह सी -1 वर्ग में टिहरी की मीरा दास प्रथम,नैनीताल की रामकन्या द्वितीय जबकि हरिद्वार की विचित्र गुप्ता तृतीय स्थान पर रही,सी-2 वर्ग में टिहरी से मीरा दास और योगिता प्रथम, नैनीताल की रामकन्या डांगी और प्रीति प्रभाकर द्वितीय स्थान पर रही।

प्रतियोगिता के तहत रोईंग पुरुष वर्ग में सिंगल स्किल में हरिद्वार के संदीप प्रथम, चमोली के अजय कुमार द्वितीय जब कि टिहरी के मोहित कुमार तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में टिहरी की अनीता प्रथम, चमोली की संजना द्वितीय तथा देहरादून की सोनिया तृतीय स्थान पर रही। पुरुष पेयर वर्ग में हरिद्वार के इशू और संदीप टिहरी से सुनील रोहित द्वितीय तथा देहरादून के सागर मोहित तृतीय स्थान पर रहे।

महिला पेयर वर्ग में कर्णप्रयाग की ज्योति कुमारी और ज्योति ठाकुर प्रथम, टिहरी की अस्मिता और अंजलि द्वितीय जबकि चमोली से रोहिणी और अनुपम तृतीय स्थान पर रही। पुरुष डबल्स वर्ग में देहरादून के गगनदीप और राहुल प्रथमए हरिद्वार के विश्व विजय और सूरज द्वितीयए पौड़ी गढ़वाल के राहुल और सोनू तृतीय स्थान पर रहे। इस दौरान पूर्व भारतीय कोच जगबीर सिंह, फ्लिप मैथ्यू,आशीष श्रीवास्तव, देवेंद्र सिंह, डिप्टी कमांडेंट आइटीबीपी आशुतोष बिष्ट,राजीव कुमार,मनीष कुमार, हेमंत पपोला, मनोज जोशी, मोहित शाह, हरीश राणा तथा सिद्धार्थ टंडन समेत अन्य लोग मौजूद रहे। संचालन हेमंत बिष्ट व नवीन पांडे ने संयुक्त रुप से किया।

## छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधा देने को गहन मंथन

**नैनीताल ।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में अधिष्ठाता छात्र कल्याण (डीएसडब्ल्यू) कार्यालय में नव नियुक्त डीएसडब्ल्यू बोर्ड की आवश्यक बैठक हुई जिसमें परिसर के छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधा देने सहित विभिन्न विषयों पर गहन मंथन किया गया। बैठक में सभी प्रवेशित छात्र- छात्राओं की लिस्ट बनाने,छात्रावास एडमिशन, एस्पोर्ट्स सहित डीएसबी परिसर के विभिन्न क्लास के टॉपर को सम्मानित करने पर व्यापक चर्चा हुई तथा कुलपति प्रो.डी.एस.रावत के अनुमोदन के बाद समुचित कार्यवाही किए जाने का निर्णय लिया गया। इससे पूर्व बैठक में डीएसडब्ल्यू प्रो. संजय पंत ने सभी का स्वागत किया तथा कहा कि बोर्ड छात्र छात्राओं को दिक्कत न हो ऐसा रचनात्मक प्रयास करेगा। बैठक में सहायक डीएसडब्ल्यू में प्रो. आरसी जोशी, प्रो. ललित तिवारी,प्रो. नीलू लोधियाल,प्रो. गीता तिवारी, डॉ. विजय कुमार,डॉ.रितेश साह, डॉ. महेश आर्य,डॉ. अशोक कुमार,डॉ. शिवांगी,डॉ. दीपिका पंत तथा डा. हर्ष चौहान आदि उपस्थित रहे।



## जिला स्तरीय वॉलीबॉल का हुआ आगाज

नैनीताल
हमारे संवाददाता

बेतालघाट में 12 सालों में दूसरी बार जिला स्तरीय वॉलीबॉल का हुआ आगाज। बेतालघाट स्थित मिनी स्टेडियम में जिलास्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आगाज हुआ।

जनपद के विभिन्न ब्लॉकों से पहुंची टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कई रोमांचक मुकाबले भी खेले गए। अंडर 14 व 17 आयु वर्ग में में हल्द्वानी की टीम विजेता रही जबकि अंडर 19 में रामनगर की टीम ने ओखलकांडा ब्लॉक की टीम को रोमांचक मुकाबले में शिकस्त दी। अंडर 14में बेतालघाट द्वितीय स्थान पर रहा विजयी टीमों को चमचमाती ट्रॉफी व मेडल भेंट की गई। बालक वर्ग की जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य शिव दत्त जोशी,खंड शिक्षाधिकारी हवलदार प्रसाद, पूर्व छात्र संघ महासचिव तारा सिंह भंडारी,दीप रिखाड़ी ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान शिवदत्त जोशी ने कहा की खेलों से नेतृत्व क्षमता का विकास होता है युवा नशे से दूर रहते है। बीइओ हवलदार प्रसाद ने खिलाड़ियों से उत्कृष्ट प्रदर्शन का आह्वान किया।

इस दौरान प्रधानाचार्य दीप चंद्र त्रिपाठी, ब्लॉक खेल समन्वयक केडी सिंह, दिलिप सिंह नेगी, रमेश तिवारी, मुकुल भट्ट, जीवन पंवार, हेमा नेगी, रेनू बोहरा, गिरीश देवराडी, संजय बोहरा, देवेंद्र सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य माधव सिंह बोहरा, आंनद बल्लभ पांडे, शिक्षक संघ के गिरीश जोशी, राजकुमार भंडारी, दलीप नेगी, पंकज बधानी, प्रदीप बोहरा,प्रकाश पडियार, रवि विवेक, भारती आर्या समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## पति-पत्नी देखने आए अपने कॉटेज, तो गायब मिला कॉटेज का सामान

धारी
हमारे संवाददाता

धारी तहसील के जेपी गुप्ता पिछले दो चार साल से सरना गांव में रह रहे हैं। हाल में ही दो कॉटेज उन्होंने पुराने खरीदे जो घरेलू सामान से पूरा भरा था। जेपी गुप्ता व उनकी पत्नी ने बताया 7 सितंबर 2024 को वह हरियाणा से सरना आये तो उनके दो भवनों में दरवाजा खुला मिला।

वहीं दोनों भवनों के अंदर देखने पर वह पति पत्नी दोनों भौचक्के रह गए। घर से दीवान बैड़, गद्दे, गीजर,एलईडी टीवी,पर्दे, डायनिंग टेबिल, कुर्सी, रसोई के बर्तन सहित कई सामान चोरी हो गया था। दोनों भवनों के आस पास सीसीटीवी कैमरा लगे थे। जिनकी तारे चोरो ने काट दी। एक कैमरे में दो लोगों के आना दिखाई दे रहा है। इस दौरान रजनी ने घटना की जानकारी गांव के प्रधान को दी गई जिसके बाद 9 सितंबर को



पुलिस चौकी धारी में रिपोर्ट दर्ज करने गए लेकिन, पुलिस चौकी में तहरीर नही ली। पुलिस चौकी द्वारा कहा गया की घटनास्थल के मौके पर जाकर जांच करेंगे। पुलिस दो बार आई पर जांच के नाम पर उन्हें गुमराह किया जा रहा है। रजनी ने बताया पुलिस को सीसीटीवी कैमरे की फुटेज दे दी गई है । जिसके बाद पुलिस ने तहरीर की रिसीविंग दी है। गुप्ता परिवार ने बताया उन्हें लगातार जान से मारने की धमकी मिल रही है व्हाइऔर् व्हाट्सएप कॉल पर अलग-अलग नंबरों से उन्हें ये धमकियां मिली है।

## NEWS / फटाफट

### बिशप शॉ इंटर कालेज के विद्यार्थियों को सम्मानित किया



**नैनीताल ।** शिक्षा नगरी नैनीताल मे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा में अव्वल रहे बिशप शॉ इंटर कालेज के विद्यार्थी लोकेश गिरी, नवनीत दरमवाल, सोनी बिष्ट व शगुन हार्निवाल को डीएसबी कैम्पस में आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत के हाथों सम्मानित किया। दूसरी ओर गोवर्धन हाल में आयोजित भारत को जानो प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भी बिशप शा इंटर कॉलेज ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी टीम में विद्यालय के सौरव तिवारी, हिमांशु आर्या व भव्या कौरंगा शामिल थी। कालेज की प्रबंधक नीलम दानी व प्रधानाचार्य वीना मैसी ने विजेता छात्रों के प्रति शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### हैंडबॉल में नैनीताल ऊधमसिंह नगर को हराया



**रुद्रपुर।** यहां मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में स्टेट ओलंपिक खेल आयोजित किए जा रहे हैं। प्रतियोगिता के तीसरे दिन खेलों में हैंडबाल प्रतियोगिता में नैनीताल ने ऊधम सिंह नगर को फाइनल में हराया। फाइनल में मैच जीतने पर नैनीताल टीम में खुशी की लहर दौड़ गई। अतिथियों ने टीम को पुरस्कृत किया।

### आवास विकास क्षेत्र से किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**रुद्रपुर।** चौकी आवास विकास क्षेत्र से एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक आवास विकास वार्ड 38 थाना ट्रांजिट कैंप निवासी एक महिला ने पुलिस को बताया कि वह मूल निवासी नया गांव मकरा थाना नया गांव जिला अंचल सोनपुर जिला छपरा बिहार की है। उसके पास उसकी बहन पिछले 6 माह से रह रही हैं। उसकी उम्र 15 वर्ष है। महिला ने बताया कि 21 सितंबर 24 को लगभग एक बजे घर से बिना बताये कही चली गयी। शाम तक वापस नहीं लौटी तो उसकी खोजबीन की गई। उसका कोई पता नही चल रहा है। पुलिस ने महिला की सूचना पर किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर ली। पुलिस का कहना है कि पुलिस किशोरी की तलाश कर रही है।

### कुमाऊं के सबसे बड़े बसअड्डे में यात्री प्यासे

**हल्द्वानी।** शहर के बसअड्डे में सप्ताह भर से पेयजलापूर्ति ठप है। यहां के नल सूखे पड़े हैं। इसके चलते रोजाना यहां पहुंचने वाले यात्रियों को प्यासा रहना पड़ रहा है। आलम यह है कि जल संस्थान को अवगत कराने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। कुमाऊं के सबसे बड़े बसअड्डे हल्द्वानी का हाल बेहाल है। यहां रोजाना हजारों अधिक यात्री पहुंचते हैं। प्रतिदिन 700 से अधिक बसों में यात्री सफर करते हैं। सुबह से लेकर रात तक बसों का आने-जाने का क्रम चलता है लेकिन सुविधा के नाम पर यात्री इन दिनों परेशान हैं। स्थिति यह है कि यात्रियों के लिए पीने का पानी तक नहीं मिल पा रहा है। बीते सप्ताह भर से बसअड्डे की पेयजलापूर्ति ठप है। ऐसे में यात्रियों के साथ ही रोडवेज स्टॉफ भी दिक्कतें झेल रहा है। इधर डिपो एआरएम एसएस बिष्ट ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए जल संस्थान के अधिकारियों से संपर्क किया गया लेकिन हल अभी तक नहीं निकल पाया है। जल संस्थान के अधिकारी डिपो की लाइन में खराबी बता रहे हैं। बिष्ट के अनुसार अब लाइन को चेक कराया जाएगा। इसके बाद ही जलापूर्ति दुरुस्त हो पाएगी।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक: स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक **श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा उत्तरांचल दीप प्रेस चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## 11 सूत्रीय मांगो को लेकर लोनिवि ठेकेदारों का प्रदर्शन

नैनीताल
हमारे संवाददाता

11 सूत्रीय मांगो को लेकर सोमवार को पीडब्ल्यूडी कार्यालय तल्लीताल के सामने ठेकेदारों ने जोरदार धरना प्रदर्शन किया। मांगों को जल्द पूरा न करने पर निविदा कार्य बहिष्कार के साथ कार्य बहिष्कार एवं अनशन की चेतावनी दी है।

सिविल संविदाकार संघ रामनगर के अध्यक्ष हरमिंदर सिंह आनंद ने कहा कि प्रदेश के विकास कार्य अपने साधन संसाधन से पूरा करके सरकार की मजबूत बनाने वाले पंजीकृत ठेकेदार आज कठिनाइयों का सामना कर रहे है।जिससे क्षुब्ध होकर समस्त ठेकेदारों ने नैनीताल जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्य मंत्री को ज्ञापन भेजते हुए अपनी मांगो को पूरा करने की मांग की। संघ ने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री को अवगत कराया की प्रदेश में निविदायें छोटी लगनी चाहिये एवं फेज को प्रथम व द्वितीय के कार्य छोटे हिस्सों में विसक्त होकर एक साथ लगने चाहिये जिससे डी और सी



श्रेणी के ठेकेदार जयादा से ज्यादा काम कर सके।2-5 करोड़ तक के कार्य सिंगल बिड में लगने चाहिये एवं 10 करोड़ तक के कार्य उत्तराखण्ड मूल के प्रवासियों की मिलना चाहिये। इसके मूल निवास स्थाई निवास लागू होना चाहिये।निविदाओं में अतिरिक्त शर्त लगाकर व्यक्ति विशेष को लाभ नहीं दिया जाना चाहिये,वही 5 करोड़ तक की निविदाएं सिंगल बीट के साथ-साथ उत्तराखंड के मूल निवासियों को ही दी जाए। रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण की प्रक्रिया पूर्ण की भारतीय सरल की जाए,ऑफलाइन सिक्योरिटी डिपाजिट का भुगतान तुरंत हो,अनुभव प्रमाण पत्र का समय सीमा भारत सरकार के अनुरूप काम से कम 7 वर्ष तक माना जाए,निविदाओं में अनुभव की सीमा ना हो,जैसी 11 सूत्री मांगों को लेकर थाना प्रदर्शन किया है। धरना प्रदर्शन में ठेकेदार योगेश तिवारी, पान सिंह खनी समेत जिले के विभिन्न क्षेत्रों के ठेकेदार शामिल थे।

# अभिमत

## अमल की जरूरत

***पश्चिम बंगाल सरकार की तरह के उपाय अन्य राज्यों में करने के साथ ही समाज के विभिन्न संगठनों को आगे आना होगा। महिलाओं के खिलाफ अपराध हमेशा होते रहे हैं। देश के किसी हिस्से में कोई घटना विशेष के सनसनीखेज बन जाने पर ऐसा लगता है कि जैसे अचानक महिलाओं की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। मीडिया ने निर्भया कांड को इस तरह पेश किया कि देश की छवि धूमिल हो गई। मानसिकता बदलने में मीडिया की अहम भूमिका होती है। उत्तराखंड में पुलिस ने महिलाओं के खिलाफ अपराध के स्थल चिह्नित करके सुरक्षा के बंदोबस्त किये हैं।***

महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के लिए देशभर में प्रबंध की कमी नहीं है। दुष्कर्म के आरोपी को सजा के लिए कानून है। दिल्ली में फिजियोथेरेपिस्ट के साथ बस में सामूहिक दुष्कर्म की घटना से पूरे देश में आक्रोश भड़क गया था। उस घटना को निर्भया कांड संबोधित किया गया था। महिलाओं की सुरक्षा और बचाव के उद्देश्य से निर्भया फंड बनाया गया था। महिलाओं के खिलाफ अपराध नहीं रुके और पश्चिम बंगाल में डॉक्टर के साथ दुष्कर्म तथा हत्या के बाद एक बार फिर पूरे देश में गुस्सा फूटा है। दुष्कर्मी को फांसी की मांग उठ रही है। पश्चिम बंगाल विधानसभा ने अपराजिता विधेयक पारित करके पीड़ितों को त्वरित न्याय की पहल की है। विधेयक में किये गये प्रावधान वर्तमान कानून से भिन्न हैं और देश के अन्य राज्यों की सरकार को भी अमल में लाना चाहिए। दोषी को जुर्माने के साथ आमृत्य कठोर कारावास या मृत्युदंड का प्रावधान है। अभी तक आजीवन कारावास के तहत निश्चित अवधि की सजा का प्रावधान है, लेकिन आमृत्य कठोर कारावास का अर्थ है कि मृत्यु होने तक दोषी जेल में ही रहेगा। पुलिस जांच और मुकदमा निपटाने की अवधि निश्चित की गई है। न्याय में देरी के कारण ही अपराधियों में भय नहीं है। एफआईआर की तारीख से अधिकतम 36 दिनों के भीतर जांच पूरी की जाएगी। आरोप पत्र दाखिल करने की तारीख से 30 दिनों की अवधि के भीतर मुकदमे का निपटारा किया जायेगा। दोषी पर लगाये गये जुर्माने का उपयोग पीड़िता की चिकित्सा, परिवार की आर्थिक सहायता और पुनर्वास के लिए किया जाएगा। महिलाओं के खिलाफ अपराधों की जांच में तेजी लाने के लिए विशेष पुलिस टास्क फोर्स की स्थापना प्रत्येक जिले में की जायेगी। जांच महिला पुलिस अधिकारी से कराई जायेगी। फास्ट ट्रैक अदालतें स्थापित की जायेंगी। मेडिकल कालेजों, अस्पतालों और निर्दिष्ट स्थानों पर सुरक्षा सुनिश्चित की जायेगी। देर रात तक काम करने वाली महिलाओं के लिए सुरक्षित क्षेत्र बनाये जायेंगे। पश्चिम बंगाल सरकार की तरह के उपाय अन्य राज्यों में करने के साथ ही समाज के विभिन्न संगठनों को आगे आना होगा। महिलाओं के खिलाफ अपराध हमेशा होते रहे हैं। देश के किसी हिस्से में कोई घटना विशेष के सनसनीखेज बन जाने पर ऐसा लगता है कि जैसे अचानक महिलाओं की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। मीडिया ने निर्भया कांड को इस तरह पेश किया कि देश की छवि धूमिल हो गई। मानसिकता बदलने में मीडिया की अहम भूमिका होती है। उत्तराखंड में पुलिस ने महिलाओं के खिलाफ अपराध के स्थल चिह्नित करके सुरक्षा के बंदोबस्त किये हैं। स्थानीय स्तर पर कालोनी, मोहल्ले और गांव के वरिष्ठ नागरिकों को हर तरह के अपराधों के प्रति सचेत रहने की जिम्मेदारी निभानी होगी।

# थाना ट्रांजिट कैंप में भाजपाइयों का हंगामा,धरने पर बैठे

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



भाजपा कार्यकर्ताओं ने ट्रांजिट कैंप थाने में तैनात दो पुलिस कर्मियों पर भाजपा एससी मोर्चा के महामंत्री के साथ मारपीट का आरोप लगाते हुए थाना गेट पर प्रदर्शन कर धरने पर बैठ गए। कार्रवाई न होने तक धरना जारी रखने की चेतावनी दी।

बाद में मौके पर एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल और एएसपी निहारिका तोमर पहुंचे । एसपी सिटी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर भाजपाइयों ने धरना समाप्त कर दिया। रविवार शाम को भाजपा नगर अध्यक्ष धीरेश गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता ट्रांजिट कैंप थाने पहुंचे और गेट पर प्रदर्शन करते हुए धरने पर बैठ गए। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना था कि शनिवार रात को भाजपा एससी मोर्चा के महामंत्री अपने घर के बाहर फोन पर बात कर रहे थे। इसी बीच 112 की सूचना पर वहां पहुंचे दो पुलिस कर्मियों ने उनसे अभद्रता की और घसीटते हुए मारपीट की। जिसकी सीसीटीवी फुटेज भी है। बताया कि बीते दिनों विधायक शिव

**चेतावनी**

- **एसपी सिटी और एएसपी पहुंचे थाने,कार्रवाई का आश्वासन**

अरोरा थाने पहुंचे थे, तब से ट्रांजिट कैंप पुलिस उनके साथ आए भाजपा कार्यकर्ताओं को निशाना बना रही है। भाजपा की सरकार होने के बाद भी कार्यकर्ता धरना दे रहे हैं, पार्टी कार्यकर्ता पहले है। चेतावनी दी कि जब तक आरोपित पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई नहीं होती है। उनका धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। सूचना पर एसपी सिटी मनोज कत्याल भी मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। मंडल अध्यक्ष का कहना था कि थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस भाजपा कार्यकर्ताओं को निशाना बना रही है। बाद में एसपी सिटी के आश्वासन पर धरना समाप्त कर दिया और चेतावनी दी कि अगर पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन होगा।

**भाजपा कार्यकर्ता ने पुलिस कर्मियों के खिलाफ दी तहरीर**

एससी मोर्चा के मंडल महामंत्री आंनद सागर की ओर से पुलिस को आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए तहरीर सौंपी है। तहरीर में पुलिस कर्मियों पर अभद्रता कर मारपीट का आरोप लगाया। पीड़ित ने घटना की फुटेज भी पुलिस को दी है।

## गौला पुल को लेकर कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन

**हल्द्वानी।** गौला पुल की एप्रोच रोड विगत दिनों बरसात में बह जाने के बाद से पुल में आवागमन बंद है। जिस वजह से गौलापार, चोरगलिया, खटीमा, टनकपुर सहित पर्वतीय इलाकों की तरफ हल्द्वानी से बाईपास होकर जाने वाला पूरा यातायात बाधित है। कांग्रेस तथा अन्य सामाजिक संगठन पूर्व में दो बार प्रशासन को पुल के जल्द खोले जाने और वैकल्पिक मार्ग बनाए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन दे चुके हैं । बावजूद इसके अभी भी पुल का स्थलीय निरीक्षण ही हो रहा है। इन्ही के मद्देनजर आज कांग्रेस ने गौलापार, गौला पुल के पास चौराहे में विशाल धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। धरना प्रदर्शन में जहां कांग्रेस के सारे दिग्गज एक साथ धरने पर बैठे हैं। धरना प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसी नेताओं ने प्रशासन, एन एच ए आई और सरकार पर आरोप लगाए हैं कि जब पिछली बार 9 करोड़ 65 लख रुपए से गौला पुल में एप्रोच रोड का कार्य हुआ तो आखिर वह इस बार कैसे पानी में बह गया। उसकी जांच होनी चाहिए।

# गदरपुर पुलिस की बडी कार्यवाही, 40.70 ग्राम अवैध स्मैक समेत 7 तस्कर गिरफ्तार

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**



थाना गदरपुर पुलिस ने स्मैक का सेवन करने और तस्करी करने वाले सात तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के कब्जे से 40.7 ग्राम स्मैक बरामद हुई। गदरपुर पुलिस को क्षेत्र में कई दिनो से कुछ युवको द्वारा नशे का सेवन तथा नशे का कारोबार कर अन्य युवाओं को नशे का आदि बनाये जाने के साथ ही लड़ाई झगड़ा और चोरियाँ करने की सूचनाए मिल रही। हो रही थी। एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देश पर एसपी काशीपुर अभय सिंह व सीओ बाजपुर के पर्यवेक्षण में और थानाध्यक्ष गदरपुर के नेतृत्व मे पुलिस टीम का गठन किया गया। एसपी काशीपुर ने बताया कि सरोवर नगर में संदिग्धों की गिरफ्तारी के लिए चैंकिंग की जा रही। इसी दौरान पुलिस ने तीन बाईकों पर सवार सात लोगों को हिरासत में लिया। उन्होंने बताया कि तलाशी लेने पर सभी के पास से अलग अलग मात्रा में स्मैक बरामद हुई। बरामद स्मैक का वजन 40.7 ग्राम है। पूछताछ में अभियुक्तों ने पुलिस को बताया कि वह स्वयं भी नशे का सेवन करते हैं और क्षेत्र के युवाओं को नशे का आदि बनाने को स्मैक बेचते हैं। पुलिस ने सभी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने सातों को जेल भेज दिया। बाईकें भी सीज कर दी। पुलिस अपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाल रही है।

गिरफ्तार तस्करों में गुलफाम निवासी मसीत थाना गदरपुर, नाजिम निवासी ईदगाह के पास थाना केलाखेडा, सोनू सिह निवासी मदनापुर चक्की मोड थाना दिनेशपुर, सुनील सिह निवासी लालपुरी थाना दिनेशपुर, शिवा सिह निवासी मदनापुर,चक्की मोड,थाना दिनेशपुर, सरफराज निवासी वार्ड 9 इस्लाम नगर थाना गदरपुर, जावेद अली निवासी वार्ड 9 इस्लामनगर थाना गदरपुर हैं।

पुलिस टीम में थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान,एसआई मुकेश मिश्रा, एसआई नरेन्द्र कुमार,हेड कांस्टेबल कृष्ण कुमार,दर्शन सिंह, बलवन्त सिह,जीवन फुलेरा, निकुल जाटव आदि शामिल रहे।

# फिल्मी दुनिया

## बस 75 दिनों का और इंतजार फिर बड़े परदे पर होगा पुष्पा 2 का धमाल




*फिल्म पुष्पा 2 का दर्शक सांसे थामकर इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की रिलीज डेट को अब सिर्फ 75 दिन बाकी हैं। मैत्री मूवी मेकर्स ने आज इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म का नया पोस्टर शेयर किया है। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 इस साल की सबसे चर्चित फिल्मों में शुमार है। यूं तो इस फिल्म को इस साल अगस्त में रिलीज हो जाना था, लेकिन ऐसा हो नहीं पाया। दर्शकों का इंतजार कुछ लंबा हो गया और फिल्म की रिलीज डेट सीधे दिसंबर में पहुंचा दी गई। फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे दर्शकों के इंतजार की घड़ियां अब थोड़ी कम हो रही हैं। इस फिल्म की रिलीज को अब सिर्फ 75 दिन बाकी हैं। मैत्री मूवी मेकर्स ने आज इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म का नया पोस्टर शेयर किया है। पोस्टर पर 75 लिखा है। साथ ही अल्लू अर्जुन भी नजर आ रहे हैं। इसके साथ लिखा है, सिर्फ 75 दिन और इसके बाद पुष्पा और उसके बेजोड़ आभामंडल को दुनिया बड़े परदे पर देखेगी। साथ ही लिखा है, पुष्पा 2 भारतीय सिनेमा पर एक अभूतपूर्व अध्याय लिखेगी। फिल्म पुष्पा 2 द रूल 6 दिसंबर 2024 को बड़े परदे पर रिलीज हो रही है। इसका काउंटडाउन शुरू हो चुका है।*

### फिल्म के निर्देशन की कमान सुकुमार ने संभाली है

*फिल्म में अल्लू अर्जुन के साथ रश्मिका मंदाना एक बार फिर नजर आने वाली हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान सुकुमार ने संभाली है। अल्लू अर्जुन की फिल्म का नया पोस्टर सामने आते ही यूजर्स अपनी प्रतिक्रिया दर्ज करा रहे हैं, जिसे देख अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म को लेकर किस कदर क्रेज है। एक यूजर ने लिखा, बस 75 दिन और फिल बड़े परदे पर रूल करेगा पुष्पा। एक यूजर ने लिखा, गेमचेंजर फिल्म आ रही है। एक यूजर ने लिखा, धमाके के लिए तैयार हैं हम।*

# सीएम धामी ने नगला तराई में जनता की समस्याओं को सुना

**खटीमा**

**हमारे संवाददाता**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने निजी आवास नगला तराई में जनता की समस्याओं को सुना व संबंधित अधिकारियो को समाधान करने के निर्देश दिए। जनता से मिलने के बाद मुख्यमंत्री मेलाघाट पहुंचे और उन्होंने पूर्व जिला पंचायत सदस्य कृष्ण पाल ऊर्फ कन्हैया के निधन पर उनके आवास पर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की व परिजनों को ढांडस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर दर्जा राज्य मंत्री अनिल कपूर डब्बू, रमेश चंद जोशी, डीएम उदय राज सिंह,एसएसपी मणिकांत मिश्रा, सीडीओ मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी पंकज उपध्याय, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कत्याल, उपजिलाधिकारी रविंद्र बिष्ट, नवीन बोरा, मनोज शाही, गुड्डू अंसारी, राम संजीवन, हिर्दयानन्द, नन्दलाल, महेश जोशी, वीरेंद्र वर्मा, राम दरस, सतीश भट्ट, आदि मौजूद रहे ।

**निर्देश**

- **अधिकारियों को दिए समस्याओं का समाधान करने के निर्देश**
- **मेलाघाट पहुंच पूर्व जिला पंचायत सदस्य कृष्ण पाल के निधन पर श्रद्धांजलि दी**



News कॉर्नर

## गौरव प्रोजेक्ट चार दिवसीय कार्यशाला का समापन

**हल्द्वानी।** इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय हल्द्वानी में उत्तराखंड सरकार, एनएसई और वाणिज्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में गौरव प्रोजेक्ट से संबंधित चार दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला के नोडल अधिकारी डॉ0 फकीर सिंह ने बताया कि गौरव प्रोजेक्ट म्युचुअल फंड से संबंधित रोजगार के अवसरों को प्रदान करने हेतु छात्राओं के लिऐ चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन करवाया गया जिसमें उनका प्रारंभिक स्तर पर म्युचुअल फंड से संबंधित जानकारी प्रदान की गई । उन्होंने कहा कि इसके अंतर्गत तीन लेवल पर छात्राओं को प्रशिक्षित किया जाएगा जिसमें द्वितीय लेवल में जाने के लिए पहले लेवल की ऑनलाइन परीक्षा पास करनी होगी और जो छात्राएं उत्तीर्ण होंगी उनको द्वितीय लेवल में स्क्रीनिंग टेस्ट के माध्यम से प्रवेश मिलेगा। द्वितीय लेवल में 25 दिन का प्रशिक्षण करवाया जाएगा जिसके अंतर्गत छात्राओं को एनएसई के एडवांस लेवल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके पश्चात छात्राओं को एक परीक्षा के माध्यम से उनकी एनएसई के ज्ञान के संदर्भ में कुशलता को मापा जाएगा। यह परीक्षा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जाती है और इन छात्राओं की परीक्षा काठगोदाम स्थित संस्थान में आयोजित की जाएगी। इसके पश्चात तृतीय लेवल में छात्राओं को म्युचुअल फंड से संबंधित विभिन्न संस्थाओं की कार्यप्रणाली को समझाते हुए उनके स्वरोजगार एवं प्लेसमेंट से संबंधित सत्रों का आयोजन किया जाएगा जिससे उनको रोजगार प्राप्त हो सके। इस अवसर पर एनएसई के प्रशिक्षक अंकुर भटनागर कार्यशाला समन्व्यक डॉ0 रितुराज पंत, वाणिज्य विभाग प्रभारी डॉ0 दिनेश जोशी डॉ0 रेखा जोशी डॉ0 दिनेश चंद्र डॉ0 गीता पंत डॉ0 हिमानी डॉ0 विद्या कुमारी डॉ0 मंजरी चौधरी डॉ0 रुचि रजवार आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय मानव अधिकार एंड एंटी करप्शन फोर्स की सभा आयोजित

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

नगर निगम हल्द्वानी सभागार में राष्ट्रीय मानव अधिकार एंड एंटी करप्शन फोर्स की एक प्रदेश की सभा संपन्न हुई राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन की युवा जागरुक होंगे तो मानव अधिकारों के लिए वह संघर्ष करेंगे जिससे उत्तराखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं सरकार की गलत नीतियों का पर्दाफाश करने में सफल होंगे प्रदेश अध्यक्ष पृथ्वी पाल सिंह रावत ने बताया की उड़ीसा में एक महिला के साथ जब वह पुलिस थाने में शरण लेने गए तो पुलिस द्वारा बाद बदसलूकी वो घिनौनी सर्वनाम घटना हुई है जो सर्वनक है राष्ट्रीय मानव अधिकार के संगठन के लोग मानव




अधिकारों के हनान एवं समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ युवाओं को आगे जाकर समाज के समाज के प्रहरी प्रहरी के रूप में करेंगे आज युवाओं को नसे से दूर रहे एवं समाज में जागरूकता नागरिक व देश के लिए समर्पण आवश्यक है तभी एक जेष्ठ समाज का निर्माण संभव है युवाओं की कमान आज कुमाऊं मंडल के लिए भार्गव सिंह बिष्ट को अध्यक्ष प्रभारी बनाया गया उनको कुमाऊं में सभी जिलों में युवाओं को जोड़ने के लिए कमान सौंप गई मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण ने कहा सभी कार्य करता हूं मैं जोश भर मिलजुलकर चलने की अपिल की अशोक कश्यप व दिनेश मंडल द्वारा संगठन की सदस्यता पर जोर दिया असलम खान व राजकुमार निवेश द्वारा नशे से मुक्त करने के सुझाव दिए चंपा त्रिपाठी द्वारा महिलाओं पर हो रहे अत्याचार की वकालत की और महिलाओं को संगठन से जोड़ने की वकालत की अंत में भार्गव बिष्ट द्वारा सभी वरिष्ठ अधिकारियों का आशीर्वाद लिया और युवाओं का संगठन मजबूत करने की वकालत की सुरेंद्र सिंह बिष्ट हिमानी बिष्ट जय त्रिपाठी नीरज जोशी आदिल बिष्ट हार्दिक डंगवाल मुकेश नितेश बिष्ट प्रवीण शर्मा मंजू डंगवाल संतोष करण दान देवेंद्र नेगी आदि लोगों ने कहा विचार व्यक्त किया संचालन चंपा त्रिपाठी ने किया

## 11वीं इंटर स्कूल शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनीताल।** पर्वतीय सांस्कृतिक समिति नैनीताल के तत्वावधान में 11वीं इंटर स्कूल शतरंज प्रतियोगिता नगर के गोवर्धन हाल में शुरु हो गयी है। प्रतियोगिता में लगभग 28 स्कूल के 200 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। अंडर 9, अंडर 11, अंडर 13, अंडर 15, अंडर 18 वर्ग में 6 चक्रों में प्रतियोगिता शुरु हुई। प्रतियोगिता में नैनीताल समेत हल्द्वानी, रू द्रपुर, काशीपुर, अल्मोड़ा, भीमताल, नौकुचियाताल के विद्यालयों के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

इस मौके पर अमित कुमार, धीरेंद्र बिष्ट,किशन तिवारी, ललित लमकोटी, संतोष कुमार, विजय बहुगुणा, योगेंद्र, संजीव त्रिपाठी, हितेश साह तथा मोहमद वसीम, अख्तर खान,सूरज सिंह तथा अनिल कुमार मौजूद रहे।

# देर रात एसएसपी मणिकांत मिश्रा पहुंचे काशीपुर, महकमें में मचा हड़कंप

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

देर रात एसएसपी मणिकांत मिश्रा काशीपुर पहुंचे और उन्होंने महाराणा प्रताप चौराहे पर सभी थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारियों को तलब किया। एसएसपी ने काशीपुर क्षेत्र की गस्ट , पिकेट,चीता मोबाइल के साथ की चौपाल लगाई।

इसमें एसपी काशीपुर अभय सिंह समेत सभी थानाध्यक्ष और चौकी प्रभारी मौजूद रहे। एसएसपी ने चौपाल के माध्यम से अपराध नियंत्रण तथा क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा एनवीडब्ल्यू पर टीम बनाकर तीव्रता से कार्रवाई के निर्देश दिए। कार्यवाही कर एसएसपी ने कहा कि अपराधियों की धरपकड़ तथा रात्रि के समय प्रभावी रूप से गस्त की जाये, संदिग्धों से पूछताछ भी की जाए। एसएसपी ने होटल, ढाबों की




चैकिंग करने के निर्देश दिए। एसएसपी ने अधीनस्थों को निर्देश दिए हैं अपराधियों पर कार्रवाई में किसी भी प्रकार की हीलाहवाली रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

शांति भंग करने वालो पर भी आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। एसएसपी देर रात करीब एक बजे काशीपुर के महाराणा प्रताप चौक पर पहुंचे।

**दिए निर्देश**

- काशीपुर के महाराणा प्रताप चौराहे पर क्षेत्र के सभी थानाध्यक्ष व चौकी प्रभारियों को किया तलब

# किच्छा पुलिस ने 161 ग्राम स्मैक समेत बरेली का तस्कर दबोचा

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

**कार्रवाई**

- दो तस्कर पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल हो गए
- देहरादून की एक पार्टी को स्मैक की डिलीवरी करने की प्रतीक्षा में खड़ा था तस्कर

जनपद में नशे के सौदागरों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई। इसी कार्रवाई के दौरान किच्छा पुलिस ने बरेली के स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 161 ग्राम स्मैक बरामद की। तस्कर के दो साथी पुलिस को चकमा दे फरार हो गए। तस्कर बरेली से स्मैक लेकर देहरादून की पार्टी को डिलीवरी देने के लिए प्रतीक्षा में खड़े थे। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि जनपद में नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जा रही है। रविवार शाम को किच्छा कोतवाल सुंदरम शर्मा के नेतृत्व में पुलिस दरऊ चौकी क्षेत्र गश्त पर थी। इस दौरान एक युवक बाईक पर सवार था दूसरा उसके पास खड़ा था। पुलिस के वहां पहुचने पर बाईक सवार युवक बाइक स्टार्ट कर भाग गया। पुलिस ने उसका साथी पैदल भागने लगा। पुलिस ने उसका पीछा कर उसे पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम कमल सिंह पुत्र विजयपाल सिंह निवासी ग्राम बंजरिया पोस्ट सियाठेरी थाना शीशगढ़ बरेली यूपी बताया। एसपी सिटी ने बताया कि उसके पास से 161 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में उसने बताया बरामद स्मैक उसने अपने फरार साथी सचिन पुत्र वीरपाल व सन्नी पुत्र नन्हे सिंह निवासी ग्राम बंजरिया थाना शीशगढ़ जनपद बरेली उत्तर प्रदेश के साथ फतेहगंज जनपद बरेली निवासी अरून से ली थी। तीनो इसकी डिलीवरी देने आए थे। सचिन बाईक लेकर फरार हो गया। जबकि सन्नी मोड़ पर पार्टी का इंतजार कर रहा था। किच्छा कोतवाल ने बताया कि तीनों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। फरार तस्कर जल्दी पुलिस के शिकंजे में होंगे।

# नशा मुक्त एवं कूड़ा मुक्त नैनीताल मैराथन का आयोजन



**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनी महिला जागृति संस्था द्वारा डीएसए नैनीताल में रविवार को नशा मुक्त एवं कूड़ा मुक्त नैनीताल मैराथन का आयोजन किया गया।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन सेवा सप्ताह के अंतर्गत संकल्प नए उत्तराखंड का साप्ताहिक आयोजन का समापन भी रविवार को मैराथन दौड़ के साथ ही हुआ। मामले में कार्यक्रम के आयोजक सचिव हरीश सिंह राणा ने बताया कि द ढाबा रेस्टुरेंट मॉल रोड द्वारा प्रायोजित एवं गैलेस्की स्पोर्ट्स क्लब द्वारा संचालित रविवार की इस प्रतियोगिता में 350 से अधिक युवाओं ने प्रतिभाग किया। संस्था की अध्यक्ष मंजू रौतेला तथा मुख्य अतिथि सैनिक स्कूल के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता के तहत महिला श्रेणी में प्रथम स्थान डीएसबी की बीना बसेड़ा, द्वितीय स्थान बीएसएसबी की मीनाक्षी फ र्तियाल एवं तृतीय स्थान डीएसबी की बबीता बिष्ट ने प्राप्त किया। जूनियर बालक वर्ग में प्रथम स्थान राघवेंद्र बिष्ट जबकि द्वितीय स्थान कृष्णा बिष्ट एवं तृतीय पुरस्कार गोकुल बगड़वाल ने प्राप्त किया तीनों ही प्रतिभागी बीएसएसबी सैनिक स्कूल के थे। सीनियर पुरूष वर्ग में अमन बिष्ट ने प्रथम, नितिन कुमार ने द्वितीय एवं आशीष ज्याला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान करन रौतेला, विमल सिंह, अर्जुन देव, दीवान सिंह रौतेला, हेमंत बिष्ट,अभिषेक बिष्ट, सागर बिष्ट, माणिक साह, मोहित पालीवाल, प्रमोद रौतेला भाष्कर जोशी एवं गैलेक्सी स्पोर्ट्स क्लब के खिलाड़ी उपस्थित रहे। संचालन नीरज बिष्ट ने किया।

## आरती, पूजा व निहारिका का चयन राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में

**नैनीताल।** मोहन लाल साह बालिका इंटर कालेज की तीन प्रतिभावान खिलाडियों आरती आर्या, पूजा तथा निहारिका सिंह का चयन राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के लिए हो गया है। कालेज की क्रीड़ा प्रभारी पुष्पा दरम्वाल के मुताबिक तीनों खिलाड़ी 22 से 24 सितंबर तक हल्द्वानी डीपीएस में अयोजित हो रही राज्य स्टार फुटबॉल प्रतियोगिता में नैनीताल जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी।

# नव नियुक्त डीएसडब्ल्यू बोर्ड की आवश्यक बैठक

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर में अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय में नव नियुक्त डीएसडब्ल्यू बोर्ड की आवश्यक बैठक हुई। जिसमें परिसर के छाक्ष-छात्राओं को बेहतर सुविधा देने सहित विभिन्न विषयों पर गहन मंथन किया गया।

बैठक में सभी प्रवेशित छात्र- छात्राओं की लिस्ट बनाने,छात्रावास एडमिशन, एस्पोर्ट्स सहित डीएसबी परिसर के विभिन्न क्लास के टॉपर को सम्मानित करने पर व्यापक चर्चा हुई तथा कुलपति प्रो.डी.एस.रावत के अनुमोदन के बाद



समुचित कार्यवाही किए जाने का निर्णय लिया गया। इससे पूर्व बैठक में डीएसडब्ल्यू प्रो. संजय पंत ने सभी का स्वागत किया तथा कहा कि बोर्ड छात्र छात्राओं को दिक्कत न हो ऐसा रचनात्मक प्रयास करेगा। बैठक में सहायक डीएसडब्ल्यू में प्रो. आरसी जोशी, प्रो. ललित तिवारी,प्रो. नीलू लोधियाल,प्रो. गीता तिवारी, डॉ. विजय कुमार,डॉ.रितेश साह, डॉ. महेश आर्य,डॉ. अशोक कुमार,डॉ. शिवांगी,डॉ. दीपिका पंत तथा डा. हर्ष चौहान आदि उपस्थित रहे।

# हंस विहार कालोनी में भाजपा का सदस्यता अभियान चला

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

भाजपा का पूरे देश भर में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने आज हंस विहार भूरारानी में सदस्यता अभियान चलाया।

उन्होंने लोगों को भाजपा की रीति नीति से अवगत कराते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। भाजपा नेता चुघ ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी पूरी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है। भाजपा के देशभर में करोड़ों सदस्य हैं जिसका सीधा कारण है कि देश की जनता भाजपा पर अटूट विश्वास करती है और



केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों की विकासकारी योजनाओं का लाभ ले रही है। देश का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य की धामी सरकार युवाओं के लिए कई योजनाएं ला रही है और कई योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है जिसका लाभ युवाओं को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा समाज की सभी वर्गों का सम्मान करती है और सब समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलती है हर राज्य में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है तथा भाजपा की रीति- नीति से प्रभावित होकर तमाम लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी भाजपा चहुंमुखी विकास करेगी और समाज के सभी वर्गों को अपने साथ जोड़ेगी। इस दौरान दर्जनों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान पारस चुघ, बबलू सागर, राखी शर्मा,सुरेंद्र कपूर ,मोहन सिंह, बहादुर सिंह , राकेश शर्मा ,प्रेम सिंह, मनोज पंत, राम सिंह कुंवर,अवतार सिंह ,अरविंद पाल चंद्र, शेखर पंत, भीम सिंह, होशियार सिंह, चंदन सिंह नयाल, रंजीत सिंह, ,केलाश जोशी,ज्ञान सिंह रावत ,ध्यान सिंह रावत, योगेश यादव, महेश पंत ,जगदीश जोशी ,बसंत जोशी ,प्रकाश जोशी ,कुंवर सिंह बिष्ट ,भीम सिंह बिष्ट, करण ,सुरेंद्र पासवान ,दीपक नेगी,राज कोली आदि मौजूद थे।